रजिस्टर्ड

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी शिवालिक वन प्रभाग सहारनपु

पत्रांक 2295/14–10 सहारनपुर दिनांक जनवरी 8/ 2018

सेवा में,

मुख्य महाप्रबन्धक गैस,
भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि0
28–ए, इ0सी0ई0 हाउस,
कस्तूरबा गांधी मार्ग, पोस्ट बाक्स संख्या–7
नई दिल्ली– 110001

विषयः– सहारनपुर शहरी वितरण परियोजना (CAG Project) भारत पेट्रोलियम कार्पोरेषन लिमिटेड (BPCL) द्वारा 8′/6′′व्यास की भूमिगत प्राकृतिक गैस पाईप लाईन बिछाने हेतु शिवालिक वन प्रभाग, सहारनपुर के अन्तर्गत एन0एच0– 73(नया– 344) के किमी0 26 से 25 (बांयी पटरी), एन0एच0 72ए (नया 307) किमी 0 से 1 के मध्य 340 मी0 तथा क्रासिंग पर दोनो पटरी, कुल लम्बाई 1360 मी0 एवं चौडाई 1.00 मी0 क्षेत्रफल 0.136 हे0 भूमि हस्तान्तरण। Project No. FP/UP/Others/ 27358/ 2017

संदर्भः– आपका पत्रांक बी0पी0सी0एल/सहारनपुर/एफसीए/2017 दिनांक13.07.2017 तथा आन लाइन प्रस्ताव संख्या FP/UP/Others/ 27358/ 2017

महोदय,

उक्त संदर्भित पत्र द्वारा विषयांकित प्रस्ताव की एक प्रति (हार्ड कापी) इस कार्यालय में प्रेषित की गयी है, जबकि प्रस्ताव 05 प्रतियों में वांछित है। प्रस्तुत प्रस्ताव में निम्नांकित कमियां पायी गई हैं, कृपया निम्नानुसार वांछित अभिलेख प्रस्ताव के साथ संलग्न करते प्रस्ताव की प्रतियां प्रस्तुत करें।

1– प्रस्ताव के साथ 1:50000 स्केल के रंगीन सर्वे आफ इण्डिया की टोपोशीट (फुल साइज) प्रस्ताव के साथ संलग्न करें। जिसमें परियोजना का क्षेत्र, परियोजना क्षेत्र के आस पास वन क्षेत्र का सीमांकन वन ब्लाक कम्पार्टमैन्टवार दर्शित किया गया हो, बैकल्पिक संरेक्षण, इण्डेक्स एवं शीर्षक सहित अंकित हो।

2– प्रभावित वन भूमि का संयुक्त निरीक्षण किया जाना है। कृपया उक्त संयुक्त निरीक्षण हेतु आप स्वयं अथवा अपने किसी प्रतिनिधि को अधिकृत करने का कष्ट करें। उक्त प्रतिनिधि द्वारा क्षेत्रीय वन अधिकारी मोहण्ड, एवं अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क कर संयुक्त निरीक्षण हेतु तिथि निर्धारित कराकर संयुक्त निरीक्षण कराने का कष्ट करें।

3– प्रकरण में स्वामित्व विभाग अर्थात लोक निर्माण विभाग की अनापत्ति, अग्नि शमन, प्रदूषण नियन्त्रण, आदि आवश्यक अनापत्ति संलग्न नहीं है।

4– जिलाधिकारी, सहारनपुर के स्तर से वनाधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्ताव के साथ संलग्न नहीं है।

अतः उक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में उक्तानुसार कार्यवाही करते हुये वांछित अभिलेख/प्रमाण पत्र तत्काल प्रस्तुत करें।

भवदीय,

(आर0बालाचन्द्रन)
प्रभागीय वनाधिकारी
शिवालिक वन प्रभाग
सहारनपुर।

O/C